दिन–शनिवार दिनांक– 28 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के अजमेर से चौदह वर्ष की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस–एचपीवी टीकाकरण के राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर से संबंधित रुग्णता के प्रमुख कारणों में से एक है। देश भर में बालिकाओं और महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आईजीआईएमएस पटना में एचपीवी टीकाकरण की शुरूआत की।

———————————————————————

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। प्रति वर्ष अट्ठाईस फरवरी को महान भौतिक वैज्ञानिक, सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि लोग अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक जिज्ञासा की भावना का जश्न मना रहे हैं, जो राष्ट्र को आगे बढ़ाती है। इधर, राजधानी पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र और तारामंडल समेत प्रदेशभर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने बांसघाट स्थित निर्माणाधीन विद्युत शवदाह गृह और मंदिरी नाला परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन दो लेन सम्पर्क सड़क के निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इन विकास योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

———————————————————————

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के तहत विभिन्न पदों के लिए आज मतदान हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह आठ बजकर तीस मिनट पर मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई, जो दोपहर दो बजकर तीस मिनट तक चलेगी। सेंट्रल पैनल के पांच पदों के लिए इकतालीस मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। सभी मतदान केंद्रों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

साथ ही मतदान केंद्रों पर ऑब्जर्वर और शिक्षकों की टीम की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर शंकर कुमार ने बताया कि मतदान संपन्न होने के बाद शाम पांच बजे से शिल्प महाविद्यालय में मतों की गिनती होगी। देर रात तक परिणाम आने की संभावना है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग—अलग हिस्सों में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान को तत्काल प्रभाव से सात मार्च तक के लिए बंद कर दिया गया है। साथ ही पटना नगर निगम क्षेत्र में मुर्गे और मुर्गियों के लाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रभावित क्षेत्रों के एक किलोमीटर के दायरे में सेनेटाइजेशन का काम किया जा रहा है।

———————————————————————————

देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की तिरेसठवीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस मौके पर पटना के बांसघाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धा—सुमन अर्पित किया।

———————————————————————————

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने होलिका दहन में लोगों से पुराने टायर, रबड़, प्लास्टिक, जला हुआ मोबिल, थर्मोकोल तथा अन्य कचरे नहीं जलाने की अपील की है। पर्षद ने कहा है कि इन सभी पदार्थों से वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी होती है। पर्षद इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए पटना, गया, बेगूसराय, सीवान, बक्सर और मुंगेर समेत ग्यारह जिलों में नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन कर रहा है।

———————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा तक की वार्षिक परीक्षा बारह मार्च से शुरू होगी। एससीईआरटी ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं उन्नीस मार्च तक चलेंगी।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर की सैद्धांतिक परीक्षा में पूछे गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। परीक्षार्थी छह मार्च शाम पांच बजे तक समिति की वेबसाईट पर जाकर उत्तर कुंजी पर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

———————————————————————————